# जलूद सोलर प्लांट राष्ट्रीय उपलब्धि : मुख्यमंत्री

## 271 करोड़ की लागत से बने 60 मेगावाट के सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण

नवभारत न्यूज़

**इंदौर, 29 अप्रैल. जलूद सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण मध्यप्रदेश के साथ देशभर के लिए महत्वपूर्ण है. यहां सूर्य के प्रकाश को बिजली के रूप में बदलकर इंदौर नगर निगम लाभान्वित हो रहा है. लगभग 60 मेगावॉट क्षमता की इस परियोजना में भारत सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग मिला है. पीपीपी मोड में कार्य करने वाला यह अपनी तरह का देश का प्रथम संयंत्र है. इस तरह से नाते इस राष्ट्रीय उपलब्धि का श्रेय मध्यप्रदेश को जाता है.**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही. मुख्यमंत्री डॉ. यादव खरगोन जिले में महेश्वर के निकट जलूद में 271 करोड़ की लागत से बने 60 मेगावाट सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण कर संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री ने संयंत्र का अवलोकन भी किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में कोई भी व्यक्ति एक-एक लाख के 10 बॉन्ड खरीद सकता है. एक लाख पर लगभग 8 प्रतिशत की बचत होगी, जिसका लाभ 20 साल तक मिलेगा.

अगर जरूरत पड़े तो इस बॉन्ड को बेचा भी जा सकता है. इस प्रकार से राज्य सरकार ने घर बैठे लोगों को पैसे कमाने का अवसर दिया है. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि आज इंदौर के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कार्यक्रम में विधायक श्री राजकुमार मेव ने महेश्वर और इंदौर क्षेत्र को मिली विकास कार्यों की सौगातों के लिए आभार माना. महापौर इंदौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि जलूद में 300 करोड़ लागत के 60 मेगावाट क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट का शुभारंभ हुआ है.



### किसानों के लिए बड़ी राहत...

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्लॉट बुकिंग एवं गेहूंउपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी गई है. प्रत्येक केंद्र में तौल कांटों की संख्या भी बढ़ाकर 6 की गई है .आवश्यकता होने पर तौल कांटों की संख्या को जिले में और बढ़ाया जा सकता है. उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके, इसके लिए प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूँ विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल किया गया है .इसे जिले और अधिक बढ़ा कर प्रति केन्द्र 3000 क्विंटल कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री ने किया विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का अवलोकन

भोपाल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में स्थापित विश्व की अनूठी 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' का सूक्ष्म अवलोकन किया. प्रधानमंत्री ने घड़ी के डिजिटल फलक पर प्रदर्शित हो रहे भारतीय पंचांग, मुहूर्त और ग्रह-नक्षत्रों की गणना की सराहना करते हुए इसे आधुनिक तकनीक और प्राचीन ज्ञान का अद्भुत संगम बताया. प्रधानमंत्री वर्ष 2024 में कालगणना के केन्द्र महाकाल की नगरी उज्जैन में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की स्थापना की गई थी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर गौरवशाली अतीत को सहेजते हुए उसे वर्तमान में जीवंत बनाए रखने की मंशानुरूप वैदिक घड़ी को देश के सभी ज्योतिर्लिंगों में स्थापित किया जा रहा है.

### इन्दौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के प्रथम चरण का करेंगे भूमिपूजन

भोपाल. प्रदेश में औद्योगिक प्रगति को नई गति देने और निवेश के लिए दीर्घकालिक आधार तैयार करने की दिशा में इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का प्रथम चरण एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्थापित हो रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 2 मई को इस परियोजना के प्रथम चरण का भूमिपूजन करेंगे.

# पेयजल आपूर्ति की सुगम व्यवस्था करने के निर्देश

- सीएस अनुराग जैन ने कलेक्टर-कांफ्रेंस में दिए निर्देश

**भोपाल, 29 अप्रैल. मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा है कि राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के मद्देनजर प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित हो और किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं. किसी केंद्र पर कोई अनियमितता नहीं होना चाहिए.**

मुख्य सचिव जैन ने कलेक्टरों से कहा कि सभी शहरी और ग्रामीण बसाहटों में पेयजल आपूर्ति की सुगम और सतत आपूर्ति भी सुनिश्चित करें. श्री जैन ने ये निर्देश बुधवार को मंत्रालय में जिलों की समीक्षा बैठक में दिए. बैठक में कानून व्यवस्था, शिक्षा,स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, राजस्व सहित कई विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. कलेक्टर-कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए.

मुख्य सचिव ने कलेक्टरों को निर्देश दिए कि लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का गंभीरता से निराकरण करें और यह सुनिश्चित करें कि समय-सीमा के बाहर प्रकरण नहीं जाएं. श्री जैन ने प्रदेश में जनगणना कार्य अंतर्गत गृह गणना कार्य की सतत निगरानी करने और समय-सीमा में गृह गणना कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश भी दिए. जैन ने कलेक्टर्स और डीएफओ को निर्देश दिए हैं कि वे राजस्व और वन-भूमि के सीमांकन मामलों में संयुक्त बैठक करके ऐसे मामले जिनमें वन-भूमि का कोई विवाद नहीं है, का सत्यापन कर मैप गति शक्ति पोर्टल पर अपलोड कर दें. मुख्य सचिव ने नर्मदा नदी से जुड़े जिलों में नर्मदा परिक्रमा पथ और पंचकोशी यात्रा पथ निर्माण के साथ ही नर्मदा किनारे पौध रोपण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि राज्य शासन का उद्देश्य नर्मदा नदी के शुद्धिकरण और परिक्रमा वासियों को सुविधा सुनिश्चित करना है. उन्होंने अन्य विभागों से जुड़े बिंदुओं की भी चर्चा की.

## धार हादसा





इंदौर. धार में बुधवार रात हुए सड़क हादसें में 12 लोगों की मौत हो गई. हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई. पिकअप और एम्बुलेंस वाहन से घायलों को अस्पताल ले जाया गया. अस्पताल के बाहर गहमा-गहमी भरा माहौल रहा. 10 गंभीर घायलों को इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर किया गया.

# विधायक ने किया पुल का लोकार्पण



**बैरसिया, 29 अप्रैल. बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रुनाहा से बाक्सी पहुंच मार्ग पर लगभग पौने एक करोड़ की लागत के नवनिर्मित पुल का बुधवार को विधायक विष्णु खत्री ने लोकार्पण किया.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक खत्री ने कहा यह पुल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो ग्रामीणों की आवाजाही को सरल ओर सुरक्षित बनाएगा. ग्रामीणों को बरसात में होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिलेगी. साथ ही शिक्षा स्वास्थ्य और व्यापार के लिए लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी. पुल से 50 गांवों के लोगों को सुविधा होगी. इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी. कार्यक्रम में सांसद, भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुवेर सिह गुर्जर , जिला सदस्य विक्रम भालेश्वर , सरपंच प्रदीप सोलंकी आदि उपस्थित थे.

# कैचमेंट क्षेत्र में आज होगी कब्जे हटाने की कार्रवाई

- निजी भूमि मामले में नगर निगम की सुनवाई हुई
- एनजीटी ने दिए हैं समस्या सुनने के आदेश

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 29 अप्रैल. राजधानी के बड़े तालाब के कैचमेंट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अब गति पकड़ती दिखाई दे रही है. गुरुवार को टीटी नगर वृत्त क्षेत्र में निजी और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी. इस बात की जानकारी नायब तहसीलदार सुनीता देहलवार ने दी.**

इस क्षेत्र में निजी भूमि के निर्माण को लेकर नगर निगम में सुनवाई पूरी की जा चुकी है. उसके बाद ही अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया जा सका है. एनजीटी क आदेश सख्त आदेश हैं कि अतिक्रमण को हटाने से पहले सभी की समस्याओं को सुना जाना आवश्यक है. बड़े तालाब का एक बड़ा हिस्सा बैरागढ़ वृत्त में भी आता है. इस क्षेत्र में अधिकतर निजी भूमि पर निर्माण पाए गए हैं. सभी कैचमेंट के अंतर्गत आ रही हैं. इन सभी निमाणों की सुनवाई नगर निगम के द्वारापूर्ण की जा चुकी है. बैरागढ़ तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह ने बताया कि सोमवार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी.

## ब्लॉक स्तर पर प्रवेश मेलों का होगा आयोजन

**भोपाल, 29 अप्रैल.** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रेरित करने के लिए कॉलेज चलो अभियान का दूसरा चरण चलाया जा रहा है.अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिकतम पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ना तथा प्रवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं छात्र हितैषी बनाना है.विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देश अनुसार सभी महाविद्यालयों में प्रवेश सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे. कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों से संपर्क कर उनका पंजीयन सुनिश्चित किया जाएगा. एनसीसी/एनएसएस के सहयोग से ड्रॉप-आउट विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें पुन: शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे.

# जन-चौपाल से पुलिस पहुंची लोगों के द्वार

- समस्याओं का मौके पर समाधान

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 29 अप्रैल. सहभागी पुलिसिंग को मजबूती देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस ने रीवा जोन के सभी जिलों में 'जन चौपाल: आपकी पुलिस आपके द्वार' अभियान का व्यापक आयोजन किया. इस पहल के तहत पुलिस अधिकारियों ने सीधे नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास किया.**



कार्यक्रम रीवा, सीधी, सतना, सिंगरौली, मऊगंज और मैहर जिलों के 141 थाना एवं चौकी क्षेत्रों में एक साथ आयोजित किया गया. यह पहल पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत एवं उप पुलिस महानिरीक्षक हेमंत चौहान के निर्देशन में सम्पन्न हुई। वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों एवं थाना प्रभारियों ने गांवों और शहरी वार्डों में पहुंचकर आमजन की शिकायतें सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही निराकरण किया. इस समुदाय आधारित पहल में प्रत्यक्ष संवाद, तकनीक आधारित निगरानी और सार्वजनिक सुरक्षा में सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया गया.जन-चौपाल में अवैध नशीले पदार्थों की रोकथाम, साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी की रोकथाम तथा महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई. जिलों में कार्यक्रम को व्यापक जनसमर्थन मिला. सीधी में 2500 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया, जबकि सतना में आधे से अधिक शिकायतों का मौके पर समाधान हुआ. सिंगरौली में शिकायतों के व्यवस्थित निपटारे के लिए अलग रजिस्टर की व्यवस्था की गई.अधिकारियों ने बताया कि जन-चौपाल अब प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को आयोजित की जाएगी, जिससे पुलिस और जनता के बीच विश्वास, जवाबदेही और सहयोग को और सुदृढ़ किया जा सके.

## 'श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर' शुरू

भोपाल. श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर, मंगलवारा में ग्रीष्मकालीन 'श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर' का शुभारंभ बुधवार को हुआ. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को आधुनिक चकाचौंध के बीच अपनी जड़ों और जैन धर्म के सिद्धांतों से जोड़ना है. शिविर के अध्यक्ष आदित्य मनयाँ और संयोजक आशा सिंघई ने बताया कि यह विशेष आयोजन मंदिर कमेटी एवं पाठशाला परिवार द्वारा जयपुर सांगानेर संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है.

**आयोजन** 19 विश्वविद्यालयों की 57 टीमों ने नाटक, चित्रकला और देशभक्ति गीत में दी प्रस्तुतियां

# एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में अभ्युदय भारत पर व्याख्यान

**भोपाल, 29 अप्रैल. एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में अभ्युदय भारत 2026 के अंतर्गत वंदे मातरम, भगवान बिरसा मुंडा एवं गुरु तेग बहादुर विषयों पर व्याख्यान तथा पर्यावरण, स्वदेशी एवं नागरिक शिष्टाचार विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए. म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग भोपाल एवं एलएनसीटी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक कार्यक्रम एलएनसीटी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किए गए.**



कार्यक्रम में 19 विश्वविद्यालयों की 57 टीमों द्वारा देशभक्ति गीत, नाटक एवं चित्रकला में अपनी प्रस्तुतियां दी गयी. अभ्युदय भारत 2026 के समापन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अशोक पांडे पूर्व अध्यक्ष मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर, प्रो. खेमसिंह डहेरिया, अध्यक्ष, म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जयनारायण चौकसे, कुलाधिपति, एलएनसीटी विश्वविद्यालय, महेशचंद्र चौधरी, सदस्य प्रशासनिक, म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, डॉ. देवेन्द्र सिंह गुर्जर, सचिव, म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग , डॉ. सचिन तिवारी, प्राध्यापक, एनआईटीटीटीआर, प्रो. नरेन्द्र कुमार थापक, कुलगुरु, एलएनसीटी विश्वविद्यालय एवं गौरव तिवारी आदि उपस्थित रहे.

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के समापन सत्र में तीनों वर्ग की सामूहिक प्रतियोगिता में विजेता विश्वविद्यालयों की टीमों को पुरूस्कार प्रदान किये गये जिसमें देशभक्ति प्रतियोगिता में एलएनसीटी विश्वविद्याय ने प्रथम, मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय द्वितीय एवं पीपुल्स विश्वविद्यालय तृतीय स्थान प्राप्त किया. चित्रकला प्रतियोगिता में एलएनसीटी विश्वविद्यालय, ने प्रथम, जेएनसीटी प्रोफेशनल विश्वविद्यालय द्वितीय एवं भाभा विश्वविद्यालय तृतीय स्थान प्राप्त किया. नाटक प्रतियोगिता में पीपुल्स विश्वविद्यालय ने प्रथम, एलएनसीटी विश्वविद्यालय, द्वितीय एवं भाभा विश्वविद्यालय तृतीय स्थान प्राप्त किया. साथ ही शेष सहभागिता करने वाले विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.

## ऊर्जा मंत्री ने किया सीवर लाइन के सफाई कार्य का निरीक्षण

**भोपाल.** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बुधवार सुबह 6 बजे सीवर सफाई महाअभियान के अंतर्गत ग्वालियर के क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में भ्रमण कर सीवर लाइनों की सफाई कार्य का निरीक्षण किया. ऊर्जा मंत्री ने सीवर सफाई महाअभियान के अंतर्गत काली माता मंदिर, चार शहर का नाक, चंदन नगर, मोहिते गार्डन, ओम नगर क्षेत्र का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा निरंतर प्रयास है कि क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में सीवर जाम एवं जलभराव जैसी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए. इस अवसर पर उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छ ग्वालियर- स्वस्थ ग्वालियर के संकल्प को साकार करें.


**आवश्यकता**

**वांटेड टीचर्स**

**फॉर इंग्लिश, साइंस, मैथ्स, सोशल, एकाउंट्स, इकोनॉमिक्स, कंप्यूटर स्किल्स. फ्रेशर्स भी अप्लाई कर सकते ।**

**कांटेक्ट : डी यस आर डी इंस्टिट्यूट, 11 नंबर, अरेरा कॉलोनी, भोपाल।**

**मो. 9617770431**

**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT**

(Order 5, Rules 20 of the Code of Civil Procedures)

**IN THE COURT OF SHRI MUKESH KUMAR GUPTA, LD. DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT)-07, ROOM NO. 302, CENTRAL, EXTENSION BLOCK, TIS HAZARI COURTS, DELHI**

**CS (COMM) 352/2025**

**M/s Anant Overseas Pvt. Ltd.**

**V/s**

**Shobit Sharma & Anr.**

To,

**1. Mr. Shobit Sharma**, Proprietor, Daulat Ram Industries **At:**10-E, Industrial Govindpura, Bhopal-462023

**Also at:** 10-B, Heritage Divine, Gyan Khand-II, Indirapuram, Ghaziabad 201001 (UP)

**2. Daulat Ram Industries,** At:10-E, Industrial Govindpura, Bhopal-462023 Through Mr. Shobit Sharma Proprietor

WHEREAS you are intentionally evading service of summon it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **13.05.2026** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.

Given under my hand and the seal of the court, this **27.04.2026.**

**District Judge Commercial Court-07, (Central) Tis Hazari Courts, Delhi**

**न्यायालय-आशुतोष मिश्र प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय विदिशा म0प्र0 : पीठासीन अधिकारी आशुतोष मिश्र ::**

**:: प्रकाशन सूचना पत्र::**

RCSHM 222/2025

पंकज यादव.................... आवेदक

विरुद्ध

रचना यादव................. अनावेदिका

प्रति,

श्रीमति रचना यादव पत्नी पंकज यादव पुत्री प्रहलाद सिंह यादव निवासी-रेन्ज चौराहा माता मंदिर के सामने वाली गली बैरसिया तहसील बैरसिया जिला भोपाल म0प्र0

आवेदक ने इस न्यायालय के समक्ष आपके विरूद्ध धारा 13 हिन्दु विवाह अधिनियम के अतंर्गत यह प्रकरण RCSHM 222/2025 इस न्यायालय में पेश किया है, जिसमें आप दिनांक 15.05.2026 को नियत पेशी पर प्रात: 11.00 बजे उपस्थित होकर उत्तर प्रस्तुत करने हेतु उपसंजात होने के लिए समंस जारी किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वंय या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये है जो प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिये जाते है, कि उसी दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे ओर प्रकरण से संबंधित ऐसे सभी दस्तावेज पेश करे जो आपके समर्थन साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप नियत पेशी दिनांक को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई और उसका निराकरण एक पक्षीय रूप से किया जावेगा नियत तिथि को अवकाश या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होते है तो प्रकरण में आगामी कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 28.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**आशुतोष मिश्र**
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय विदिशा म0प्र0